# BABA MASTNATH UNIVERSITY

## ASTHAL BOHAR, ROHTAK

### Public Relations Office

Name of the Publication ...............HARI BHOOMI...............

Date 30-08-2024...... Page ........12........ Column ........01........

Subject मेजर ध्यानचंद ने भारतीय हॉकी को नई पहचान दिलाई : कुलपति

रोहतक। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश गोयत को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) एच.एल. वर्मा।

# मेजर ध्यानचंद ने भारतीय हॉकी को नई पहचान दिलाई : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने कहा कि इस दिन को हॉकी के जादूगर, मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के रूप में भी जाना जाता है, जिन्होंने भारतीय हॉकी को विश्व स्तर पर एक नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी और खेल के माध्यम से टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व की क्षमताओं को विकसित करने पर बल दिया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर प्रो. (डॉ.) सुधीर मलिक डीन छात्र कल्याण, डॉ. अनिल डूडी खेल निदेशक, डॉ. मंजीत सचिव खेल सहित सदस्य उपस्थित रहे।